रयत शिक्षण संस्था का,

**आर्टस्, सायन्स ॲण्ड कॉमर्स कॉलेज, रामानंदनगर (बुर्ली)**

**हिंदी विभाग**

**हिंदी दिवस समारोह – अहवाल**

**2020 – 21** दि.14 सितम्बर, 2020

महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से दि.14 सितम्बर, 2020 को ऑनलाइन 'हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह के लिये प्रमुख अतिथि के रूप में सौ.मंगलताई रामचंद्र जगताप महिला महाविद्यालय, उंब्रज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रा. मारुफ मुजावर जी उपस्थित थे। समारोह के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.एल.डी.कदम जी थे।

समारोह का प्रारम्भ कर्मवीर प्रतिमा पूजन और रयतगीत से हुआ। हिंदी प्रेमी छात्राओं ने इस अवसर पर ऑनलाइन स्वागतगीत प्रस्तुत किया। समारोह के प्रास्ताविक में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रा.डॉ.के.बी.भोसले इन्होंने हिंदी विभाग द्वारा आयोजित विविध ई - उपक्रमों की जानकारी दी, जिसमें प्रमुख रूप से वक्तृत्व, गीतगायन, काव्यवाचन प्रतियोगिता आदि का उल्लेख किया।

प्रा. मारुफ मुजावर जी ने अपने मंतव्य में हिंदी भाषा की परंपरा और महत्व, हिंदी की आवश्यकता इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही हिंदी में रोजगार के अवसर पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी आज विश्व स्तर और विश्व बाजार की भाषा बनती जा रही है। आज हमें हिंदी को समृद्ध भाषा बनानॆ की जरुरत है। भाषा की सुंदरता के संदर्भ में भी उन्होंने कई उदाहरण दिये। भाषा को आज बचाने की जरुरत है, हिंदी का प्रचार - प्रसार

करने की आज आवश्यकता है । साथ ही उन्होंने आज तकनीकी दुनिया में हिंदी का प्रयोग तीव्र गति से हो रहा है । इन बातों पर उन्होंने प्रमुख रूप से प्रकाश डाला ।

समारोह के अध्यक्ष डॉ.एल.डी.कदम जी ने अपने अध्यक्षीय विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रभाषा हिंदी सभी को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करती हैं । स्वातंत्र्य, समता, विश्वबंधुत्व की भावना को जगाने का काम करती हैं । हिंदी भाषा में एक मिठास है, सभी के ह्रदय में आत्मीयता का भाव, अपनेपन का भाव निर्माण करनेवाली राष्ट्रभाषा हिंदी है । भारत एक विविधता पूर्ण देश होने के कारण हिंदी के समक्ष विभिन्न चुनौतियां हैं इसके बावजूद यह भाषा एक देश को एक साथ जोड़ कर वैश्विक स्तर पर इसकी पहचान निरंतर बना रही है। इन बातों को स्पष्ट किया।

समारोह के लिये महाविद्यालय के छात्र बडी संख्या में ऑनलाइन उपस्थित थे । अतिथियों का परिचय प्रा.नितीन कुंभार जी ने कर दिया और समारोह का सूत्रसंचालन प्रा.यु.टी.शेडगे जी ने किया । राष्ट्रगीत से समारोह सम्पन्न हुआ ।

लाभार्थी संख्या - 79


उपलब्धि - 1. राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार प्रसार करना ।

2.हिंदी में रोजगार की जानकारी प्राप्त करना

3.हिंदी भाषा में साहित्य सृजन के प्रति छात्रों में रुचि बढाना ।




ऑनलाइन हिंदी दिवस समारोह
अध्यक्ष प्रधानाचार्य डॉ.एल.डी.कदम
ए.एस.सी.कॉलेज, रामानंदनगर (बुर्ली )




प्रमुख अतिथि – प्रा.मारुफ मुजावर –हिंदी विभागाध्यक्ष
सौ.मंगलताई रामचंद्र जगताप महिला
महाविद्यालय, उंब्रज

अध्यक्ष
हिंदी विभाग

प्राचार्य
आर्टस्, सायन्स ॲण्ड कॉमर्स कॉलेज, रामानंदनगर (बुर्ली)